# भोले तू कितना भोला है | by Sunil Sarvottam

भोले तू कितना भोला है
भोले तू कितना भोला है
छप्पन भोग को छोड़ के मांगे
बस एक भांग का गोला है

कोई लाया लड्डू पेड़ा कोई हलवा पूरी
बिना भांग के लागे तुझको हर एक चीज़ अधूरी
भांग ना जब तक मिले तुझे तू करता टालमटोला है

भांग धतूरा बेल पत्री तेरे मन को भाये
एक लोटा जल भरके जो भी शिवलिंग पे चढ़ाये
उनका काम बनाये पल में जिसने जो भी बोला है

तेरे भोलेपन पे वारी ऐ भोले भण्डारी
तेरे भोलेपन पे वारी ऐ शंकर त्रिपुरारी
तीन लोक का मालिक है तू फिर भी कितना भोला है
भोले तू कितना भोला है........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-sunil-sarvottam/